.आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 09.05.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि भारत के नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त।
- केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आईआईटी रुड़की में 'सेंटर फॉर रेगुलेटरी अफेयर्स' का उद्घाटन किया।
- चमोली जिले में स्थानीय किसानों की उपज अब सीधे आईटीबीपी को भेजी जाएगी। ज्योतिर्मठ के बड़ागांव के काश्तकारों के समूह से सब्जी के विपणन व्यवस्था का शुभारंभ किया गया।
- राजधानी देहरादून के गांधी शताब्दी जिला चिकित्सालय स्थित जिला दिव्यांग व पुनर्वास केंद्र से दिव्यांगजनों को बड़ी राहत मिल रही है।

**प्रमुख रक्षा अध्यक्ष**

सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस राजा सुब्रमणि को अगला प्रमुख रक्षा अध्यक्ष– सी.डी.एस नियुक्त किया है। वे जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पदभार ग्रहण करने की तिथि से वे सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले वे सेना के उप प्रमुख और केंद्रीय कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ के रूप में कार्य कर चुके हैं।

सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वाइस एडमिरल स्वामीनाथन वर्तमान में पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें भारतीय नौसेना में लगभग चार दशकों की विशिष्ट सेवा का अनुभव है। वे एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लेंगे, जो 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

**नियामक मामलों का केंद्र**

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आईआईटी रुड़की में 'सेंटर फॉर रेगुलेटरी अफेयर्स' का उद्घाटन किया। यह केंद्र फोरम ऑफ रेगुलेटर्स और आईआईटी रुड़की की संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य देश के विद्युत क्षेत्र की नियामकीय व्यवस्था को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और भविष्य के अनुरूप बनाना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बढ़ती बिजली मांग, नवीकरणीय ऊर्जा के तेजी से विस्तार, डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग और ऊर्जा बाजारों में हो रहे बदलावों को देखते हुए मजबूत नियामकीय ढांचे की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि यह देश में इस प्रकार का दूसरा केंद्र है। इससे पहले आईआईटी दिल्ली में भी केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग और ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जा चुका है। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग एवं फोरम ऑफ रेगुलेटर्स के अध्यक्ष जिष्णु बरुआ ने कहा कि यह केंद्र देश में नियामकीय क्षमता निर्माण का प्रमुख संस्थान बनेगा और उच्च गुणवत्ता वाले शोध एवं ज्ञान संसाधनों के माध्यम से भारत की ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व क्षमता को मजबूत करेगा। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर के.के. पंत ने कहा कि यह केंद्र अकादमिक जगत, नीति निर्माताओं, उद्योग और नियामकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जिससे ऊर्जा संक्रमण और अवसंरचना प्रशासन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान में मदद मिलेगी।

**छापेमारी**

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में जिला प्रशासन ने मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों में छापेमारी अभियान चलाया। अपर जिलाधिकारी विवेक राय और उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने शहर के विभिन्न मोटर ड्राइविंग स्कूलों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दो मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसके बाद अपर जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से मोटर ड्रसइविंग स्कूल को बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बिना उचित प्रशिक्षण के ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**बीआईएस – देहरादून**

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस देहरादून शाखा कार्यालय की ओर से देहरादून में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये 150 से अधिक ज्वेलर्स ने भाग लिया। इस दौरान बीआईएस के निदेशक व प्रमुख हेमंत आडे ने बीआईएस हॉलमार्किंग योजना में हुए नवीनतम विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अब बीआईएस केयर ऐप के माध्यम से हॉलमार्क आभूषणों का विवरण, आभूषण का वजन और आभूषण का फोटो भी सत्यापित कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता और उपभोक्ता संरक्षण को और अधिक मजबूती मिलेगी।

कार्यकम में बीआईएस अधिकारियों और ज्वेलर्स के बीच संवादात्मक चर्चा के दौरान हॉलमार्किंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और उपभोक्ता हितैषी बनाने पर विचार–विमर्श किया गया।

**सब्जी विपणन**

चमोली जिले में स्थानीय किसानों की उपज अब सीधे भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल– आईटीबीपी को भेजी जाएगी। जिले के काश्तकारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तराखंड औद्यानिक परिषद और आईटीबीपी के बीच गत पहली अप्रैल को स्थानीय काश्तकारों से सब्जी खरीद के लिए अनुबंध किया गया। समझौते के तहत ज्योतिर्मठ के बड़ागांव के काश्तकारों के समूह से सब्जी के विपणन व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ ने पहली खेप लेकर जा रहे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें 50 किलोग्राम मटर, 8 किलोग्राम लहसुन, 50 किलोग्राम राई, 5 किलोग्राम धनिया और 5 किलोग्राम चुकन्दर की आपूर्ति की गई, जिससे काश्तकारों को लगभग 9 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई है। स्थानीय काश्तकार मोहन सिंह कम्दी और सुखदेव सिंह का कहना है कि प्रदेश सरकार और औद्यानिक परिषद की यह पहल किसानों की आय मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी। ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक सोमेश भंडारी ने बताया कि समझौते के तहत क्षेत्र के कृषक संगठनों को सब्जी विपणन व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है, जिससे स्थानीय किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। इस व्यवस्था से स्थानीय किसानों को अपनी उपज का सीधा बाजार उपलब्ध होगा। इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ ही उन्हें विपणन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

**दिव्यांग / पुनवार्स केंद्र**

राजधानी देहरादून के गांधी शताब्दी जिला चिकित्सालय स्थित जिला दिव्यांग व पुनर्वास केंद्र से दिव्यांगजनों को बड़ी राहत मिल रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि दिव्यांग व पुनर्वास केंद्र के माध्यम से दिव्यांगजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र में अब तक 600 से अधिक यूडीआईडी कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि 600 नए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं और 250 प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया है।

**मौसम**

प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव की संभावना है। राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश और गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. सी.एस. तोमर ने बताया कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश, आंधी और गर्जन के आसार हैं।